**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**Shram Bureau Bhawan, Block No. 2,**
**Institutional Area, Sector 38 (West),**
**Chandigarh – 160036**
**Dated: 31st January, 2024**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

## Press Release

### Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – December, 2023

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and released on the last working day of succeeding month. The index for the month of December, 2023 is being released in this press release.

The All-India CPI-IW for December, 2023 decreased by 0.3 points and stood at 138.8 (one hundred thirty eight point eight). On one-month percentage change, it decreased by 0.22 per cent with respect to previous month as compared to decrease of 0.15 per cent recorded between corresponding months a year ago.


The maximum downward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing 0.45 percentage points to the total change. At item level, Rice, Poultry/Chicken, Mustard Oil, Apple, Banana, Cauliflower, Cabbage, Capsicum, Carrot, French-Beans, Green Coriander Leaves, Ginger, Onion, Potato, Tomato, Peas, Radish, Electricity Charges (Domestic), etc. are responsible for the fall in index. However, this decrease was largely checked by Wheat, Buffalo Milk, Fish Fresh, Brinjal, Drumstick, Garlic, Lady's Finger, Sugar White, Cooked Meals, Leaf Tobacco, Pan Finished, Trouser Pant Readymade, Leather Sandal/Chappal/Slippers, Electric Batteries, Employees State Insurance (ESI) Contribution, Tooth Paste/Tooth Powder, Auto-rickshaw/Scooter fare, Bus Fare, etc. putting upward pressure on the index.

At centre level, Coimbatore recorded a maximum decrease of 4.7 points followed by Ludhiana with 3.2 points. Among others, 6 centres recorded decrease between 2 to 2.9 points, 18 centres between 1 to 1.9 points and 33 centres between 0.1 to 0.9 points. On the contrary, Solapur recorded a maximum increase of 1.5 points. Among others, 6 centres recorded increase between 1 to 1.4 points and 19 centres between 0.1 to 0.9 points. Rest of 3 centres' indices remained stationary.

Year-on-year inflation for the month stood at 4.91 per cent compared to 4.98 per cent for the previous month and 5.50 per cent during the corresponding month a year before. Similarly, Food inflation stood at 8.18 per cent against 7.95 per cent of the previous month and 4.10 per cent during the corresponding month a year ago.

•-• https://www.staffnews.in •-•


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for November, 2023 and December, 2023

| Sr. No. | Groups | November, 2023 | December, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 143.9 | 142.8 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 157.7 | 157.8 |
| III | **Clothing & Footwear** | 140.8 | 141.1 |
| IV | **Housing** | 125.7 | 125.7 |
| V | **Fuel & Light** | 161.9 | 161.8 |
| VI | **Miscellaneous** | 135.2 | 135.5 |
| | **General Index** | **139.1** | **138.8** |

## CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of January, 2024 will be released on Thursday, 29th February, 2024. The same will also be available on the office website www.labourbureau.gov.in.

31/1/2024

(Shyam Singh Negi)
**Deputy Director General**

•-• https://www.staffnews.in •-•

भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

**श्रम ब्युरो भवन, ब्लॉक न.-2,**
**संस्थागत क्षेत्र, सेक्टर 38 (पश्चिम),**
**चंडीगढ़ - 160036**
**दिनांक: 31 जनवरी, 2024**

**संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100) - दिसंबर, 2023**

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। दिसंबर, 2023 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।

दिसंबर, 2023 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.3 अंक घटकर 138.8 (एक सौ अड़तीस दशमलव आठ) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.22 प्रतिशत की कमी रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी ।

सूचकांक में दर्ज कमी में अधिकतम योगदान खाद्य एवं पेय पदार्थ समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.45 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। सूचकांक में दर्ज कमी चावल, पोल्ट्री/चिकन, सरसों का तेल, सेब, केला, फूलगोभी, बंदगोबी, शिमला मिर्च, गाजर, फ्रेंच बीन, हरा धनिया, अदरक, प्याज, आलू, टमाटर, मटर, मूली, घरेलू बिजली प्रभार, इत्यादि मदों की कीमतों में दर्ज गिरावट के कारण रही। इसके विपरित मुख्यतः गेहूँ, भैंस का दूध, ताजा मछली, बैंगन, ड्रम स्टिक, लहसुन, भिंडी, सफेद चीनी, तैयार भोजन, तंबाकू पत्ता, तैयार पान, रेडीमेड ट्राउसर पैंट्स, चमड़े के सेंडल/चप्पल/स्लिपर्स, इलेक्ट्रिक बैटरी, कर्मचारी राज्य बीमा योगदान, टूथपेस्ट/टूथपाउडर, ऑटो-रिक्शा/स्कूटर किराया, बस किराया, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज कमी को नियंत्रित किया|

केंद्र-स्तर पर कोयंबटूर के सूचकांक में अधिकतम 4.7 अंक जिसके पश्चात लुधियाना में 3.2 अंक की कमी रही। अन्य 6 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 18 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा 33 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच कमी रही। इसके विपरीत सोलापूर में अधिकतम 1.5 अंक की वृद्धि दर्ज की गयी। अन्य 6 केंद्रों में 1 से 1.4 अंक तथा 19 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही । शेष 3 केंद्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

दिसंबर, 2023 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 4.98 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.50 प्रतिशत की तुलना में 4.91 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 7.95 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 4.10 प्रतिशत की तुलना में 8.18 प्रतिशत रहा।



•-• https://www.staffnews.in •-•


## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक :   नवंबर, 2023 एवं दिसंबर, 2023

| क्र. सं. | समूह | नवंबर, 2023 | दिसंबर, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 143.9 | 142.8 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 157.7 | 157.8 |
| III | कपड़े एवं जूते | 140.8 | 141.1 |
| IV | आवास | 125.7 | 125.7 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 161.9 | 161.8 |
| VI | विविध | 135.2 | 135.5 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **139.1** | **138.8** |

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी जनवरी, 2024 माह के लिए दिन गुरुवार 29 फरवरी, 2024 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट *www.labourbureau.gov.in* पर भी उपलब्ध रहेगा।

**(श्याम सिंह नेगी)**
उप महानिदेशक



•-• https://www.staffnews.in •-•